एक्टिव हुई यूनिवर्सिटी

प्रमुख संवाददाता || नई दिल्ली

जामिया मिल्लिया इस्लामिया को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा मिलने के बाद अब यहां पर ओबीसी रिजर्वेशन लागू नहीं पो पाएगा। दरअसल सभी सेंट्रल यूनिवर्सिटीज में ओबीसी रिजर्वेशन लागू हो चुका है लेकिन जामिया में यह नियम लागू नहीं हुआ था। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग ने मंगलवार को जामिया को अल्पसंख्यक संस्थान के तौर पर मान्यता दे दी। इसके बाद अब क़रीब- करीब यह तय है कि इस यूनिवर्सिटी में ओबीसी के लिए कोटा नहीं होगा।

उधर, यूनिवर्सिटी ने आधिकारिक तौर पर अभी इतना ही कहा है कि आयोग के फैसले को देखने के बाद तय किया जाएगा कि एडमिशन की पॉलिसी क्या होगी? यूनिवर्सिटी की प्रवक्ता सिमी मल्होत्रा का कहना है कि यूनिवर्सिटी आयोग के फैसले का अध्ययन करने के बाद ही आधिकारिक तौर पर बयान जारी करेगी। यूनिवर्सिटी ने 24 फरवरी को इग्जेक्यूटिव काउंसिल की इमरजेंसी मीटिंग भी बुलाई है। इस फैसले पर यूनिवर्सिटी के टीचर्स ने खुशी जाहिर की है। टीचर्स का कहना है कि सालों से यह मांग लंबित थी।